# हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा- 2012

## हिन्दी ( विशिष्ट ) - 2012

**समय : 3 घण्टे ]** **कक्षा : 10वीं** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश-** **( i ) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। ( ii ) प्रत्येक प्रश्न के लिये आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं। ( iii ) आरम्भ में दिये गये वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए। ( iv ) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच अंक हैं। प्रत्येक उपभाग का एक-एक अंक निर्धारित है। ( v ) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। ( vi ) प्रश्न क्रमांक 11 से 19 तक के लिए पाँच-पाँच अंक निर्धारित हैं। ( vii ) प्रश्न क्रमांक 20 के लिए दस अंक निर्धारित हैं।**

प्रश्न 1. निम्नलिखित रिक्त-स्थानों की पूर्ति उचित शब्द का चयन कर कीजिए- 1 × 5 = 5

(i) अंधेर नगरी ......... का प्रसिद्ध नाटक है। (नागेन्द्र/भारतेन्दु)

(ii) विरह और वेदना की कवयित्री ........ हैं। (महादेवी वर्मा/सुभद्रा कुमारी चौहान)

(iii) पहली चूक ......... विधा है। (कहानी/व्यंग्य)

(iv) हरिवंशराय बच्चन की प्रसिद्ध कृति ........... है। (देवकीपुत्र/मधुशाला)

(v) आधुनिकता ......... का विरोध करती है। (जाति/सम्प्रदाय)

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1 × 5 = 5

(i) 'गेहूँ और गुलाब' निबन्ध है-

(क) ललित (ख) विचारात्मक

(ग) वर्णनात्मक (घ) राजनीतिक

(ii) 'श्री कृष्ण के सुन वचन अर्जुन क्रोध से जलने लगे' में कौन-सा विघमान है?

(क) हास्य रस (ख) रौद्र रस

(ग) वीर रस (द) करुण रस

(iii) छायावादी युग के प्रवर्तक है-

(क) जयशंकर प्रसाद (ख) श्रीधर पाठक

(ग) सुमित्रानन्दन पंत (घ) रामचन्द्र शुक्ल

(iv) चौपाई में मात्राएँ होती हैं-

(क) 12 (ख) 15

(ग) 16 (घ) 24

(v) किस पत्रिका के साथ ही हिन्दी कहानी का जन्म माना जाता है?

(क) सुदर्शन (ख) इन्दु

(ग) सरस्वती (घ) प्रभा

प्रश्न 3. निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य छाँटिए- $1 \times 5 = 5$

(i) गेहूँ मनुष्य की भूख एंव शारीरिक आवश्यकता का प्रतीक है। (सत्य/असत्य)

(ii) सूर वात्सल्य रस के सम्राट् हैं। (सत्य/असत्य)

(iii) माली आवत देखकर कलियन करी पुकार।
फूले-फूले चुन लिये काल्हि हमारि बार।।
में अन्योक्ति अलंकार है। (सत्य/असत्य)

(iv) श्रीकृष्ण को सोलह कला का अवतार कहा जाता है।(सत्य/असत्य)

(v) 'यथाशक्ति' अव्ययी भाव समास का उदाहरण है। (सत्य/असत्य)

प्रश्न 4. निम्नलिखित वाक्यांशो को सही ज़ोड़ी मिलान कर पूर्ण कीजिए- $1 \times 5 = 5$

| | |
|---|---|
| (i) वीरों का कैसा हो वसंत? | (क) हरिवंशराय बच्चन |
| (ii) पथ की पहचान | (ख) सुभद्राकुमारी चौहान |
| (iii) सच्चा धर्म | (ग) हरिशंकर परसाई |
| (iv) निंदा रस | (घ) सेठ गोविन्ददास |
| (v) मैं और मेरा देश | (ङ) कन्हैया लाल मिश्र 'प्रभाकर' |

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य अथवा एक शब्द में उत्तर दीजिए- $1 \times 5 = 5$

(i) गागर में सागर भरने का क्या अर्थ है?

(ii) कवि नागार्जुन ने हिमालय की झीलों में किसको तैरते देखा?

(iii) साधु से क्या नहीं पूछना चाहिए?

(iv) जीवन संदेश कविता का मूल स्वर क्या है?

(v) जिसके समान कोई दूसरा न हो।

प्रश्न 6. बिना विचारे काम करने से क्या हानि होती है? समझाइये। 4

**(अथवा)** चलने के पूर्व बटोही को कवि किन-किन बातों के लिये आगाह कर रहा है?

प्रश्न 7. मनुष्य किन-किन शक्तियों से सम्पन्न है? संसार में जीने का उद्देश्य लिखिये। 4

**(अथवा)** 'गेहूँ और गुलाब' में लेखक संतुलन क्यों स्थापित करना चाहते हैं?

प्रश्न 8. द्विवेदी युग के प्रमुख दो गद्य लेखकों के नाम तथा कोई चार विशेषताएँ बताइये। 4

**(अथवा)** कहानी और उपन्यास में कोई चार अंतर बताइये।

प्रश्न 9. दीपक से मानव जीवन की तुलना किस रुप में की गई है? 4

**(अथवा)** वीरसिंह का चरित्र मातृभूमि के सम्मान की शिक्षा देता है। इस कथन को सिद्ध कीजिए।

प्रश्न 10. महाकाव्य किसे कहते हैं? दो प्रमुख महाकाव्यों एंव रचनाकारों के नाम लिखिए। 4

**(अथवा)** स्थायी भाव एवं संचारी भाव में कोई चार अतंर बताइये।

प्रश्न 11. कवि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये क्या चाहता है? 5

**(अथवा)** कवि ने बेटियों को गौरव कथाएँ क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 12. करुण रस की उदाहरण सहित परिभाषा दीजिए। 5

**(अथवा)** अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 13. (अ) निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्य-प्रयोग कीजिए-
(क) थोथा चना बाजे घना (ख) दूर के ढोल सुहावने होते है
(ग) हाथ कगंन को आरसी क्या

(ब) प्रबन्ध-काव्य का अर्थ लिखते हुये उसके भेदों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

**(अथवा)** (अ) अशुद्ध वाक्य शुद्ध कीजिए-
(क) श्याम ने सत्यता को पहचान लिया।
(ख) मैं आपको मिलकर प्रसन्न हुआ।
(ग) बाढ़ में कई लोगों के बह जाने की आशा है।

(ब) ओज गुण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिये। 5

प्रश्न 14. वासुदेव शरण अग्रवाल अथवा हजारीप्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक-परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिये- 5
(क) दो रचनाएँ (ख) भाषा-शैली (ग) साहित्य में स्थान

प्रश्न 15. गोस्वामी तुलसीदास अथवा सुभद्राकुमारी चौहान की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दु के आधार पर लिखिए- 5
(क) दो रचनाएँ (ख) भावपक्ष-कलापक्ष (ग) साहित्य में स्थान

प्रश्न 16. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए- 5
अवगति गति कछु कहत न आवै।
ज्यौं गूँगेहि मीठे फल को रस अंतरगत ही भावै।।
परम स्वाद सबही सुनिरंतर अमित तोष उपजावै।
मन बानी कौ अगम अगोचर, सो जानै जो पावै।।

**(अथवा)** दुर्बल को न सताइए, जाकी मोटी हाय।
मरी चाम की स्वांस से, लौह भसम है जाय।।

प्रश्न 17. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए- 5

(क) मानव शरीर में पेट का स्थान नीचे हैं, ह्रदय का ऊपर और मस्तिष्क का सबसे ऊपर। पशु की तरह उसका पेट और मानस समानान्तर रेखा में नहीं है। जिस दिन वह सीधे तनकर खड़ा हुआ, मानस ने उसके पेट पर विजय की घोषणा की।

**(अथवा)** "मैं अपने देश का नागरिक हूँ और मानता हूँ कि अपना देश हूँ। जैसा मैं अपने लाभ और सम्मान के लिए हरेक छोटी-छोटी बात पर ध्यान देता हूँ, वैसा ही मैं अपने देश के लाभ और सम्मान के लिये भी छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दूँ। यह मेरा कर्तव्य है और जैसे मैं अपने सम्मान और साधनों से अपने जीवन में सहारा पाता हूँ वैसे ही देश के सम्मान और साधनों से भी सहारा पाऊँ-यह मेरा अधिकार है।"

प्रश्न 18. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5
मनुष्य का जीवन बहुत संघर्षमय होता है। उसे पग-पग पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फिर भी ईश्वर के द्वारा जो मनुष्यरुपी वरदान की निर्मिति इस पृथ्वी पर हुई है मानों धरती का रुप ही बदल गया है। यह संसार कर्म करने वाले मनुष्गों के आधार पर ही टिका हुआ है। देवता भी उनसे ईर्ष्या करते हैं। मनुष्य अपने कर्म बल के कारण श्रेष्ठ है। धन्य है मनुष्य का जीवन।

प्रश्न-

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

(ग) मनुष्य किस कारण श्रेष्ठ माना गया है?

प्रश्न 19. परीक्षाकाल में ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर रोक लगाने हेतु ज़िलाधीश महोदय को पत्र लिखिए। 5

**(अथवा)** सचिव मा० शि० मण्डल, भोपाल को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंक सूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन-पत्र लिखिये।

प्रश्न 20. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए- 10

(i) विज्ञान और मानव

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) राष्ट्रीय एकता

(iv) जीवन में खेलों का महत्व

(v) भारतीय समाज में नारी का स्थान।